कार्यालय छात्रवृत्ति

# मदन मोहन मालवीय प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय

## गोरखपुर

## छात्रवृत्ति हेतु आवश्यक सूचना

सभी सम्बन्धित छात्र-छात्राओं को सूचित किया जाता है कि शैक्षणिक सत्र 2025-26 की दशमोत्तर छात्रवृत्ति/शुल्क प्रतिपूर्ति की धनराशि जिन छात्रों को अभी तक प्राप्त नहीं हुई है, वे नीचे दिये गए कारण के अनुसार आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित करें।

| क्र0सं0 | छात्रवृत्ति प्राप्त न होने का कारण | आवश्यक कार्यवाही |
|---|---|---|
| **1.** | आय प्रमाण पत्र स्वयं के नाम से बनवाकर आवदेन करने वाले छात्र/छात्रा। | जिन छात्र/छात्राओं का आय प्रमाण पत्र स्वयं के नाम से बना होने के कारण आवेदन निरस्त हुआ है, ऐसे छात्र/छात्राओं को अवगत कराया जाता है कि वे अपने पिता के नाम का वैध आय प्रमाण पत्र लगा कर दिनांक 16 सितम्बर 2026 से 18 सितम्बर 2026 के बीच आपने आवेदन पत्र में संशोधन करें, तथा आवश्यक दस्तावेजों के साथ Scholarship Office में जमा करें। |
| **2.** | Result Mismatch /परिणाम में विसंगति | केवल वे छात्र जिनका परिणाम **(Result) Mismatch** हो रहा है, वे अपना **Scholarship form login** करने के बाद सभी आवश्यक दस्तावेजों के साथ **Scholarship Office** में दिनांक 16 सितम्बर 2026 से 18 सितम्बर 2026 के बीच जमा करें। |
| **3.** | Bank Account/PFMS/Aadhaar-NPCI से सम्बन्धित समस्या | ऐसे छात्र अपने बैंक खाते से सम्बन्धित समस्या जैसे **Aadhaar seeding/NPCI MAPPING/**खाता निष्क्रिय होना अथवा अन्य बैंक सम्बन्धित समस्या बैंक से शीघ्र दूर कराएं। |

NOTE:-

1. बैंक सम्बन्धी समस्या वाले छात्रों को Scholarship Office में Scholarship form जमा करने की आवश्यकता नहीं है। बैंक सम्बन्धी त्रुटि का निराकरण कराना छात्र की जिम्मेदारी होगी। सरकार द्वारा छात्रवृत्ति की धनराशि निर्गत किए जाने पर यदि छात्र का खाता सही है तथा आवश्यक Aadhaar/NPCI Mapping पूर्ण है, तो धनराशि उक्त खाते में नियमानुसार स्वतः अंतरित हो जाएगी।
2. जिला समाज कल्याण कार्यालय, गोरखपुर द्वारा जारी वित्तीय वर्ष 2025-26 की समय-सारणी में 16 सितम्बर 2026 से 18 सितम्बर 2026 के दौरान छात्रों को ऑनलाइन आवेदन में हुई त्रुटियों को ठीक करने का अवसर दिया गया है तथा 29 सितम्बर 2026 से 02 अक्टूबर 2026 के बीच PFMS के माध्यम से Aadhaar-NPCI-Mapped खातों में धनराशि अंतरण का समय दिया गया है।
3. उपरोक्त कार्यवाही निर्धारित समय-सीमा में पूर्ण करना सुनिश्चित करें। विलम्ब की स्थिति में छात्र स्वयं उत्तरदायी होगा।

नोडल अधिकारी
छात्रवृत्ति

पृ0सं0/मा0प्रौ0वि0/छात्रवृत्ति/822 /2026 दिनांकः 02 सितम्बर, 2026

प्रतिलिपि निम्नलिखित को आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः-

1. समस्त विभागाध्यक्ष।
2. समस्त विभागीय नोडल समन्वयक।
3. समस्त छात्रावास अधीक्षक।
4. वेबमास्टर को इस आशय से कि विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर प्रदर्शित करने का कष्ट करें ।

02/09/26

नोडल अधिकारी
छात्रवृत्ति

02/9/26

Scanned with OKEN Scanner